**बिहार सरकार**
**पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग**
**(अभियंत्रण कोषांग)**
**विकास भवन, नया सचिवालय,**
**बिहार, पटना।**

दिनांक–27/11/2025 को पथ निर्माण विभाग के पत्रांक–6228 (S) दिनांक–30.12.2021 के प्रचलित BPWD प्रावधान के अनुसार पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना का आदेश सह–पठित ज्ञापांक–3523, दिनांक– 26.07.2024 एवं पत्रांक–964, दिनांक–30.07.2024 के आलोक में गठित तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

---

1. उपस्थिति :–

(i) श्री ब्रज कुमार ओझा, मुख्य अभियन्ता, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना।– **अध्यक्ष**
(ii) श्री रामानन्द महतो, अधीक्षण अभियन्ता, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना।– **सदस्य**
(iii) श्री अनिल कुमार, कार्यपालक अभियन्ता, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना।– **सदस्य**

**2. निविदा के सम्बन्ध में विवरणी निम्नवत् है :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | CONSTRUCTION OF ADMINISTRATIVE BUILDING, GUEST HOUSE, CONFERENCE HALL & DEVELOPMENT OF CAMPUS FOR BIHAR VETERINARY COUNCIL AT PATNA (Tender Id-117768). |
| 2.2 | परिक्षेत्र का नाम | : | पटना |
| 2.3 | मूल प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | रू 27,68,08.000/– विभागीय पत्रांक–2696, दिनांक–18.06.2025 में समावेशित। |
| 2.4 | निविदा की राशि | : | Rs.20,46,05,168.00 |
| 2.5 | निविदा की प्रक्रिया (e-tender) | : | e-proc2.0 |
| 2.6 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | : | 22-10-2025 |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 15 माह |
| 2.8 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | चार अदद् निविदाकार यथा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Arvind (A&S) Nirman Private Limited<br>Add:- C/O Arvind Kumar, Yogesh Bhawan, Bdo House, Road No.-9, Indrapuri, North Patel Nagar, Keshari Nagar, Patna, Phulwari, Bihar-800024 | (ii) | Pramod Kumar Singh<br>Add:-Kadhauna, Sighaura, Wazirganj, Gaya, Bihar-805131 |
| (iii) | Shashikant Singh Infratech Private Limited<br>Add:- 1st Floor, Veer Basawan Singh Nagar, Bihar Vatnery College, Rukanpura, Patna-800014. | (iv) | Swarajya Kumar Shandilya<br>Add:-101 Lal Bahadur Kunj Shekhpura Near Karpuri Bhawan Phulwari Patna-800014 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.9 | परिवाद की स्थिति | : | अप्राप्त |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | नहीं |

3. <u>तकनीकी बीड का मूल्यांकन समिति की समीक्षाः—</u>

प्रश्नगत् निविदा में चार अद्द निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। निविदाकारों द्वारा निविदा आमत्रण सूचना एवं SBD के ITB के आलोक में अपलोडेड कागजातों को दृष्टिपथ में रखते हुए निविदकारों के तकनीकी बीड्स का मूल्यांकन किया गया है। निविदाकारों के तकनीकी बीड्स की तुलनात्मक विवरणी में वांछित Eligibility Criteria (वांछित अर्हता) तथा निविदाकारों के कार्य अनुभव एवं अन्य Credentials का उल्लेख है।

3.1 निविदाकार Arvind (A&S) Nirman Private Limited द्वारा EMD के रूप में Uploaded BG कागजात में beneficiary के रूप में NIT की कड़िका—14 (ii) के आलोक में निदेशक (पशुपालन), पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना अंकित नहीं है। Arvind (A&S) Nirman Private Limited के नाम से निविदा प्रक्रिया में bids समर्पित किया गया है जिसमें Arvind Kumar (individual proprietor) के अनुभव प्रमाण—पत्र एवं अन्य Credentials कागजात के आधार पर निविदा प्राप्ति के लिए eligibility qualification प्रस्तुत किया गया है। Arvind Kumar (Proprietorship) फर्म का Arvind (A&S) Nirman Private Limited में Conversion/Merger with total assest & Liabilities के साथ Indian Companies Act 2013 एवं Income Tax के स्थापित प्रावधानों के अनुसार स्पष्ट नहीं है। Arvind (A&S) Nirman Private Limited एवं Arvind Kumar (Proprietorship firm) निविदा प्रक्रिया के कानूनी दृष्टिकोण से अलग—अलग entity है। Arvind (A&S) Nirman Private Limited के Board Resolution अपलोड किया गया है परन्तु Power of Attorney अपलोड नहीं किया गया है। वस्तुतः POA (Power of attorney) निविदा प्रक्रिया (Bidding Process) में व्यक्ति विशेष को कंपनी के प्रतिबद्धता का कानूनी अधिकार प्रदान करता है और वर्त्तमान स्थिति में legal status of bidder में Pvt. Ltd Company है। Arvind (A&S) Nirman Private Limited के बीड को NIT की कंडिका 14(ii) एवं SBD के ITB की कंडिका 4.3 एवं संबंधित उप कंडिकाओं के आलोक में liability criteria को पूरा नहीं करते है। फलतः इस बीड को Technically Nonresponsive की अनुशंसा की जाती है।

3.2 निविदाकार Pramod Kumar Singh के द्वारा समर्पित NIT एवं SBD के ITB के संगत की कंडिकाओं के आलोक में वांछित Eligibility Criteria पूरा करते हैं अतएव इनके बीड को Technically Responsive की अनुशंसा की जाती है।

3.3 निविदाकार MBL-SSL(JV) जिसमें Shashikant Singh Infratech Private Limited (Lead Member) एवं Madan Lal Bajaj Pvt. Ltd (Other Member) यानि दो Pvt. Ltd. कंपनी के द्वारा JV के दो Partner के रूप में भाग लिया गया है। SBD के ITB 4.4 के आलोक में स्थापित प्रावधानों (पत्रांक— 8131(s), दिनांक—24.07.2012) के अनुरूप JV के Eligibility Criteria मूल्यांकन हेतु Lead Member को 50% तथा Other Member को 25% Qualification के आधार पर

तकनीकी मूल्यांकन किया गया है। चूँकि JV के दोनों पार्टनर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के तहत निबंधित है, इसलिए JV के formation में दोनों entities को कंपनी के स्थापित प्रावधान यथा नियमानुसार Board Resolution एवं प्राधिकृत प्रतिनिधि की लिखित भागीदारी अपेक्षित है, तदोपरान्त JV का authorized notarized व्यक्ति प्राधिकृत होता है। मूल्यांकन के क्रम में Joint Venture के Other Member (Madan Lal Bajaj Pvt. Ltd.) के प्राधिकृत प्रतिनिधि नामित होने के लिए Company का Board Resolution संलग्न नहीं है, जिसके आधार पर Gaurav Kumar Bajaj के पक्ष में POA (Power of Attorney) दिया गया है। Board Resolution के अभाव में निविदा प्रक्रिया हेतु entity के रूप में निर्गत JV Formation का Legal Status मान्य नहीं है। SBD के ITB की कंडिका 4.4 आधारित JV guidelines एवं ITB की कंडिका 4.5A(c) में वर्णित minimum quantities of pile कार्य अनुभव में Other member ( Madan lal Bajaj) का वांछित मात्रा से कम है। फलतः MBL-SSL(JV) के बीड तकनीकी पात्रता को पूर्ण नहीं करता है। इसलिए JV बीड को Technically Nonresponsive की अनुशंसा की जाती है।

3.4 निविदाकार Swarajya Kumar Shandilya के द्वारा अपलोड किया गया कार्य अनुभव प्रमाण पत्र NIT की कंडिका 21.9 एवं SBD के ITB की कंडिका 4.5A(c) के आलोक में minimum quantities of PHE एवं Electrification कार्य मदों का कार्य अनुभव वांछित requirements से कम है। फलतः Swarajya Kumar Shandilya के बीड को Technically Nonresponsive की अनुशंसा की जाती है।

4. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–</u>

सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी समिति द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिया जाता है:–

4.1 पटना परिक्षेत्र अन्तर्गत Construction Of Administrative Building, Guest House, Conference Hall & Development Of Campus For Bihar Veterinary Council At Patna (Tender Id-117768) के कार्य के लिए प्राप्त चार निविदाकारों में से तीन निविदाकारों यथा (1) ARVIND (A&S) NIRMAN PRIVATE LIMITED को NIT की कंडिका 14(ii) एवं SBD के ITB के कंडिका 4.3 एवं संबंधित उप कंडिकाओं, (2) Shashikant Singh Infratech Private Limited को SBD के ITB की कंडिका 4.4 एवं 4.5A(c) एवं (3) Swarajya Kumar Shandilya को NIT की कंडिका 21.9 एवं SBD के ITB की कंडिका 4.5A(c) के आलोक में तीनों निविदाकारों के बीड्स को Technically Nonresponsive घोषित किया जाता है एवं शेष एक निविदाकार Pramod Kumar Singh के बीड को Technically Responsive घोषित किया जाता है।

4.2 प्रथम बार आमंत्रित निविदा में तकनीकी मूल्यांकन के उपरांत एकल निविदाकार (single bidder) के बीड Technically Responsive पाये जाने के फलस्वरूप निविदा रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रण की कार्रवाई किया जाएगा बशर्त्ते पथ निर्माण विभाग के

③

आदेश–141 सह–पठित ज्ञापांक–5355 (S) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में उक्त संदर्भित पथ निर्माण विभाग के निर्देश के अनुसार निर्धारित अवधि में यथा उक्त फलाफल अपलोड होने के दो कार्य दिवस के अन्दर में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

4.3 तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की इस कार्यवाही को विभागीय Website पर प्रदर्शित करने के साथ–साथ निविदा में शामिल निविदाकारों को email के माध्यम से संसूचित किया जाय।

| | | |
|---|---|---|
| ह०/– | ह०/– | ह०/– |
| **(अनिल कुमार)** | **(रामानन्द महतो)** | **(ब्रज कुमार ओझा)** |
| सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष |
| कार्यपालक अभियन्ता | अधीक्षण अभियंता | मुख्य अभियन्ता |
| पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना। | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना। | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना। |

**ज्ञापांक......................** **पटना–15** **दिनांक–............../............/2025.**

**प्रतिलिपिः–** निदेशक पशुपालन, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को अवलोकनार्थ एवं सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–

**मुख्य अभियन्ता।**

**ज्ञापांक......................** **पटना–15** **दिनांक–............../........../2025.**

**प्रतिलिपिः–** अपर मुख्य सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

**मुख्य अभियन्ता।**

**ज्ञापांक**....531........ **पटना–15** **दिनांक–**27....../...11..../**2025.**

**प्रतिलिपिः–** आई०टी० मैनेजर, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27/11/2025

**मुख्य अभियन्ता।**